# स्टार्टअप के विचार को सफल बिजनेस प्लान में बदलेगा 'एक्शन प्लान'

नई दिल्ली। आईआईटी मुंबई के सामाजिक निकाय 'अभ्युदय' की सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता 'एक्शन प्लान' में भाग लेकर स्टार्ट अप कंपनियां अपने विचार को सफल बिजनेस प्लान में बदल सकती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 11 नवंबर है। छह माह चलने वाले इस आयोजन का मीडिया प्रायोजक अमर उजाला है।

'एक्शन प्लान' तीन आई के मंत्र को आधार मानकर काम करता है - विचार बनाना (आइडिएट), नवोन्मेष करना (इनोवेट) और फिर कार्यान्वयन (इंपलीमेंट)। इस राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के तीन स्तर होंगे जिसमें भागीदारों के साथ मिलकर स्टार्ट अप कंपनियां किसी खास समस्या को चिह्नित कर विभिन्न संस्थाओं और विशेषज्ञों के साथ मिलकर उसका समाधान तलाशेंगी। बीस से ज्यादा राज्यों में विस्तार पा चुकी इस प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को इस साल उन्नत आंत्रप्रेन्योरशिप बूटकैंप में शामिल होने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराने वाली 20 प्रतिशत टीमों को अगले स्तर के लिए चयनित किया जाएगा।

Abhyuday

The social body of IIT Bombay

**आईआईटी मुंबई के सामाजिक निकाय 'अभ्युदय' का खास आयोजन**

**सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता का मीडिया पार्टनर है अमर उजाला**

'अभ्युदय' कॉलेजों की प्रतिभाओं, कार्पोरेट जगत के श्रेष्ठजनों, अकादमिक क्षेत्र के विद्वानों और स्वयंसेवी संस्थाओं के अनुभवी लोगों को एक मंच पर ला रहा है ताकि जमीनी स्तर पर बदलाव लाया जा सके।

इसका आयोजन 'एक्शन प्लान' एशिया में सबसे तेज बढ़ती सामाजिक आंत्रप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता के रूप में स्थान बना चुका है। इस साल प्रतियोगिता में 700 से ज्यादा एंट्री होने का अनुमान है, जिसमें 15 लाख रुपये के इनाम भी रखे गए हैं।

## ऐसे कराएं रजिस्ट्रेशन

लिंक - https://actionplan.abhyudayiitb.org/

वेबसाइट - https://actionplan.abhyudayiitb.org/

■ दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें